फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में आ रहा बदलाव

सोनीपत(ब्यूरो)। कुंडली में स्थापित नेशनल इंस्टीट्यूट ऑफ फूड टेक्नोलॉजी इंटरप्रेनरशिप एंड मैनेजमेंट (एनआइएफटीईएम) ने राष्ट्रीय सम्मेलन के अवसर पर पोस्ट हारवेस्ट मैनेजमेंट की घरेलू अग्रणी संस्था सी आ ई पी ए च ई टी, लुधियाना तथा इं ट र प्रे न र शि प डेवलपमेंट इंस्टीट्यूशन (ईडीआई), अहमदाबाद के साथ एक एएमयू पर हस्ताक्षर किया है। इसके लिए एक राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित किया गया जहां फूड प्रोसेसिंग सेक्टर में आ रहे बदलाव को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। सम्मेलन में मुख्य अतिथि के तौर पर मिनिस्ट्री ऑफ फूड प्रोसेसिंग इंडस्ट्रीज के सचिव और एनआईएफटीईएम के चांसलर रंगलाल जमुदा, इंडिया हैबिटेट सेंटर के डायरेक्टर डॉ. राकेश काकर, एनआईएफटीईएम के वाइस चांसलर डॉ. अजीत कुमार और आइसीएआर के डीडीजी डॉ. के. अलागुसुंदरम विशेष रूप से मौजूद थे।

एनआईएफटीईएम ने ईडीआई तथा सीआईपीएचईटी के साथ किया एएमयू पर हस्ताक्षर

कार्यक्रम को संबोधित करते हुए चांसलर जामुदा ने मांग व आपूर्ति में संतुलन बनाए रखने के लिए उपलब्ध संसाधनों की क्षमता को बढ़ाकर अधिक लाभ पाने को लेकर विशेष जोर दिया गया। डॉ. के. अलागुसुंदरम ने कम से कम बर्बादी की पद्धति को अपनाकर विकास कर रहे उद्योग पर विशेष बल दिया। वहीं डॉ. अजीत कुमार ने ग्रामीण स्तर पर विकास कर रहे ग्रामीण अंचल की व्यापारियों को फूड प्रोसेसिंग सेक्टर को स्थापित करने पर विशेष जोर देने को कहा ताकि कुशल व्यक्ति फूड प्रोसेसिंग के काम को लेकर अपनी शुरुआत कर सके। संस्थान की ओर से कहा गया कि इस एएमयू से दोनों संस्थाओं के छात्रों को इसका लाभ मिलेगा। साथ ही कहा गया कि यह एएमयू संस्था के आपसी सदभाव की शर्त पर हस्ताक्षर किए गए।